प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

स्टेट चैंपियनशिप में विश्वविद्यालय की छात्रा का चयन

पंतनगर। 31 दिसम्बर 2024। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग, भारत सरकार द्वारा विकसित भारत क्विज/निबन्ध प्रतियोगिताओं के 10 विषयों के अन्तर्गत निबन्ध लेखन दिनांक 13–20 दिसम्बर 2024 तक एवं स्टेट चैंपियनशिप विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2025 का आयोजन 26 दिसम्बर 2024 को कुलपति, दून विश्वविद्यालय, देहरादून की अध्यक्षता एवं संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी के निर्देशन में किया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना द्वारा अवगत कराया गया कि पन्तनगर विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट और कृषि महाविद्यालय की छात्रा कल्पना कुनियाल का दिल्ली में विकासशील भारत निबंध प्रतियोगिता के लिए उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करने हेतु चयन किया गया। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी।

निदेशक संचार